विविध **बैंक प्रकरण संख्या 68/2022(GCMS : 2022/100) बैंक ऑफ बडौदा, शाखा फूसेवाला श्रीगंगानगर, राजस्थान –335038** <u>**बनाम**</u> **<u>1</u>. चेत राम** पुत्र जसराम पता वार्ड नं. 06, गांव 2 एम फूसेवाला तहसील श्रीकरणपुर जिला श्रीगंगानगर, राजस्थान **<u>2</u>. दीपिका वर्मा** पत्नी चेत राम निवासी वार्ड नं 06, गांव 2 एम फूसेवाला तहसील श्रीकरणपुर जिला श्रीगंगानगर, राजस्थान **<u>3</u>. जय चंद** पुत्र मोहन लाल निवासी वार्ड नं 07, गांव 2 एम फूसेवाला तहसील श्रीकरणपुर जिला श्रीगंगानगर, राजस्थान

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

<u>**16.01.2023**</u>

पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी बैंक श्री समीर यादव, प्राधिकृत कार्यकर्त्ता उपस्थित नहीं हुए। पूर्व में उनके द्वारा प्रार्थी बैंक की ओर से विड्रो किये जाने का प्रार्थना पत्र पेश किया हुआ है, जो शामिल पत्रावली है।

मैने, पत्रावली का अवलोकन किया तो पाया कि दिनांक 20.04.2022 को एक प्रार्थना पत्र प्रार्थी बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा धारा 14 वित्तिय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अन्तर्गत अप्रार्थीगण चेत राम, दीपिका वर्मा एवं जय चंद के विरूद्ध पेश कर ऋण की सुरक्षा की एवज में चेतराम की **आवासीय सम्पत्ति मकान पट्टा नं. 5 (क्षेत्रफल 1804 वर्गफीट) जो 2 एम फूसेवाला तहसील करणपुर जिला श्रीगंगानगर** का भौतिक कब्जा दिलवाने के लिए प्रस्तुत किया था और **अब चूंकि प्रार्थी बैंक इस प्रकरण में आगे किसी प्रकार से कोई कार्रवाई नहीं चाहते है अर्थात नॉट प्रैस करते है। इस आश्य का लिखित प्रार्थना पत्र प्रार्थी बैंक के प्रतिनिधि ने पेश किया हुआ है, जो पत्रावली में उपलब्ध है। इसलिए इस प्रकरण को इस आधार पर खारिज करना उचित होगा।**

Signature Not Verified
Digitally signed by Sourabh Swami
Date: 2023.02.13 13:39:03 IST
Reason: SelfAttested

जिला मजिस्ट्रेट
श्रीगंगानगर

अतः उक्त विवेचन के आधार पर प्रार्थी बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा वित्तिय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की **धारा 14 के अन्तर्गत प्रस्तुत प्रार्थना खारिज किया जाता है।** आदेश की प्रति प्रार्थी बैंक को भिजवाई जावे। पत्रावली बाद तरतीब तक्मील दाख़िल दफ्तर हो।

यह आदेश आज दिनांक 16.01.2023 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(सौरभ स्वामी)
जिला कलक्टर
श्रीगंगानगर

जिला मजिस्ट्रेट
श्रीगंगानगर

Signature Not Verified

Digitally signed by Sourabh Swami
Date: 2023.02.13 13:39:03 IST
Reason: SelfAttested